विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2019/629 दिनांक : 23·3·19

प्रति,

प्राचार्य,
श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय,
तीर्थंकर भगवान महावीर मार्ग,मंदसौर(म.प्र.)।

विषय :— विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 में निर्मित परिनियम क्रमांक 27 के प्रावधानान्तर्गत महाविद्यालय की सम्बद्धता एवं आवेदित पाठ्यक्रम की अस्थाई सम्बद्धता प्रदान करने के संबंध में।

संदर्भ :— महाविद्यालय का ऑनलाईन आवेदन क्रमांक/REN20500588,दिनांक 30.10.2018

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत नवीन संकाय/नवीन विषय/सीट संख्या वृद्धि की जाने/ संबद्धता/निरंतरता प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति द्वारा 08.02.2019 को महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समिति से प्राप्त अनुशंसा को विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 15.02.2019 में प्रस्तुत किया गया,जिसमें "निर्णय लिया गया कि,श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय,मंदसौर में सत्र 2019–20 में महाविद्यालय की सम्बद्धता एवं बी.ए.एल.एल.बी.,एल.एल.बी.,एल.एल.एम.एवं पी.जी.डी.एल.एल.,पाठ्यक्रमों की अस्थाई सम्बद्धता–निरंतरता प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा मान्य की गई। तदनुसार महाविद्यालय को सत्र 2019–20 में उपरोक्त पाठ्यक्रम की अस्थाई सम्बद्धता–निरंतरता दो माह में निरीक्षण समिति द्वारा इंगित की गई कमियों की पूर्ति करने की शर्त पर सशर्त प्रदान की जाये।"

उक्त बैठक के निर्णय के अनुसरण में महाविद्यालय को निम्न विवरणानुसार सत्र 2019–20 से शर्तो के अधीन कार्यपरिषद् के अनुमोदन की प्रत्याशा में अस्थाई सम्बद्धता प्रदान की जाती है :—

क्रं.	पाठ्यक्रम	सीट संख्या
01.	बी.ए.एल.एल.बी.(आनर्स) पॉच वर्षीय पाठ्यक्रम	60
02.	एल.एल.बी. –त्रिर्षीय पाठ्यक्रम	160
03.	एल.एल.एम.– प्रथम एवं द्वितीय वर्ष	30
04.	पी.जी.डी.एल.एल.	30

शर्ते :—01. विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 15.02.2019 में लिये गये निर्णय का पालन करना सुनिश्चित करें।
02. परिनियम क्रमांक 28 के अन्तर्गत रिक्त पदों की पूर्ति करवाई जावे।
03. पुस्तकालय में पुस्तकें अद्यतन वर्षो की मंगवाई जावे।
04. क्रीडा अधिकारी की नियुक्ति करवाई जाये।
05. यू.जी.सी. वेतनमान दिया जाना उचित होगा।
06. टॉईलेट की संख्या बढ़ाई जाये एवं साफ–सफाई का ध्यान रखा जाये।

* **उपरोक्त कमियों की पूर्ति दो माह में आवश्यक रूप से पूर्ण करें,अन्यथा सम्बद्धता पर पुनःविचार किया जावेगा।**
* **आगामी सत्र में उपरोक्त पाठ्यक्रमों की आगामी कक्षा की सम्बद्धता/सम्बद्धता–निरंतरता हेतु आवेदन मय शुल्क सहित एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से निश्चित समयावधी में करें।**

आदेशानुसार

कुलसचिव

निरंतर...02

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2019/630 दिनांक : 23.03.19

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त,उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र.शासन,भोपाल।
2. क्षेत्रिय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,उज्जैन संभाग,उज्जैन।
3. सचिव,बार काउन्सिल ऑफ इंण्डिया,21, राउज़ ऐवन्यू इन्स्टीट्यूशनल एरिया,नई दिल्ली–110002
4. निदेशक,महाविद्यालयीन विकास परिषद,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
5. प्राचार्य,शा.राजीवगांधी शा.स्नातकोत्तर(अग्रणी) महाविद्यालय, मंदसौर।
6. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव,परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
7. समन्वयक,ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
8. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर की ओर प्रेषित कर सूचित है कि,उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर सूचनार्थ।

अनुभाग अधिकारी(अकादमिक)